दिनांक 16.12.2025 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# आयुक्त ने निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किये

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन–2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क, नाला, साफ–सफाई सहित पेवर ब्लाक का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा सुपेला कर्मा चौक से परदेशी चौक बघवा मंदिर तक निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किया गया। सड़क निर्माण गुणवत्ता के साथ शीध्र पूर्ण कराने निर्देशित किये हैं। शकुंतला स्कूल से होते हुए वार्डो के साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए रामनगर क्षेत्र पहुंचे। रामनगर में पूर्व से नाला निर्मित है, बारिश के समय डूबान क्षेत्र होने के कारण पानी भर जाता है। उक्त नाला के दोनो किनारे बारिश से पूर्व दिवाल का निर्माण कराने निर्देशित किये है। आयुक्त ने मुक्तिधाम स्कूल परिसर में पूर्व से लगे पेवर ब्लाक का अवलोकन किये। स्कूल के मैदान में समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहते है, जिसके कारण पेवर ब्लाक बीच–बीच से उखड़ गया है। उक्त पेवर ब्लाक को व्यवस्थित कराने अभियंता को निर्देशित किये है। कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी साहनी उपस्थित रहे।

